हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 नवंबर 2025

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा

06 सरकार के जलशक्ति मंत्रालय ने वर्ष 2019 में ...



09 एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस को रोकने दवाओं का उचित उपयोग करना होगा



## खबर संक्षेप

### घर-घर जा रहे बीएलओ व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता



**कानड़।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण का काम अब जोर पकड़ रहा है। नगर के सभी वार्डों में बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर एसआईआर संबंधी कार्य का सत्यापन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका आदि का सहयोग लेकर गणना पत्रक लिखित एवं ऑनलाइन हो रहे हैं। केंद्रों के मतदाताओं के घर पहुंच कर फॉर्म लेने और भौतिक सत्यापन में जुटे हैं। पिछले दो दशकों में बड़ी संख्या में परिवारों ने निवास स्थान बदला तथा कई लोग स्थायी रूप से दूसरे शहरों में बस गए हैं। अनेक मतदाता वर्षों से क्षेत्र में मौजूद नहीं हैं। ऐसे मतदाताओं को 2003 की सूची से मिलान करना बीएलओ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सबसे कठिन कार्य साबित हो रहा है। यह अभियान मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जिसके तहत सभी वार्डों में लगातार सर्वे कार्य जारी रहेगा।

### आरओबी के दोनों साइड सर्विस रोड और रेलवे की जमीन का सीमांकन कराने शुरू किया था वरिष्ठजनों ने आमरण अनशन

# बुजुर्गों की जान का खतरा देख कॉलोनीवासियों ने बुजुर्गों से की मार्मिक अपील, तुड़वाया अनशन

**हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सर्विस रोड की मांग को लेकर 70 से 72 वर्ष की आयु के विश्वनाथ सिंह और ओमप्रकाश अग्निहोत्री ने 17 नवंबर सुबह 10 बजे से अन्न-जल त्याग दिया था, लेकिन तबीयत खराब होने के डर से कॉलोनीवासियों जूस पिलवाकर तुड़वाया अनशन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड की मांग को लेकर दो वरिष्ठ नागरिकों द्वारा शुरू किया गया आमरण अनशन मंगलवार को मार्मिक मोड़ पर समाप्त हुआ। प्रशासन की ओर से कोई सुध न लेने और अनशनकारियों की उम्र व बिगड़ सेहत को देखते हुए कॉलोनीवासियों ने दोनों बुजुर्गों से मार्मिक अपील व निवेदन करते हुए जूस पिलाकर अनशन तुड़वा दिया।

बता दें हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सर्विस रोड की मांग को लेकर 70 से 72 वर्ष की आयु के विश्वनाथ सिंह और ओमप्रकाश अग्निहोत्री ने 17 नवंबर सुबह 10 बजे से अन्न-जल त्याग दिया था और लगातार 32 घंटे तक अपनी मांग पर अडिग रहे। इस दौरान प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनसे मिलने तक नहीं पहुंचा।

### बीपी और शुगर ने बढ़ाई चिंता

अनशन पर बैठे ओमप्रकाश अग्निहोत्री की तबीयत 24 घंटे पूरे होते ही खराब हो गई थी। उन्होंने भावुक होकर कहा था मुझे बीपी और शुगर की प्रॉब्लम है, चक्कर आ रहे हैं। दुख इस बात का है कि हमने शासन को 8 बार पत्र लिखा, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैंने मरना ही बेहतर समझा, इसलिए भूख हड़ताल पर बैठा हूं। बुजुर्गों ने दृढ़ता से कहा था कि जनहित में यदि जान भी जाए तो उन्हें कोई गम नहीं है।. हालांकि अनशन लंबा खींचने और बुजुर्गों की जान जोखिम में पडने के कारण स्थानीय निवासियों में बेचैनी फैल गई थी।



**सीहोर।** आमरण अनशन पर बैठक वरिष्ठ जन।



**सीहोर।** अनशन तूटने के बाद अपने घर लौटते हुए वरिष्ठजन।

### कॉलोनीवासियों की मार्मिक पहल

मंगलवार को जब बुजुर्गों की शारीरिक स्थिति अधिक नाजुक हुई तो हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित आस-पास के निवासियों ने एकजुट होकर बुजुर्गों के जीवन को प्राथमिकता दी। उन्होंने अनशनकारियों से भावनात्मक अपील की और उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह किया। स्थानीय निवासियों ने जूस पिलाकर दोनों वरिष्ठ नागरिकों का आमरण अनशन तुड़वाया।

### कॉलोनीवासियों की मुख्य मांगें हैं

- निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड उपलब्ध कराई जाए।
- हाईवे का सीमांकन रेलवे बाउंड्री से किया जाए ताकि उनकी आवाजाही सुगम हो सके और दुर्घटनाओं का खतरा कम हो सके।

## वेक्टर जनित रोग नियंत्रण को लेकर जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में वेक्टर जनित रोगों के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे वेक्टर जनित रोगों की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समन्वय के साथ प्रभावी नियंत्रण उपाय लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य विभाग का नहीं, बल्कि सभी विभागों और समुदाय का संयुक्त दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें, नियमित समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि जिले में वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हो सके।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि रोगों की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता, साफ-सफाई और समय पर सर्वे अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि घर-घर सर्वे, रोगियों की त्वरित पहचान, टेस्टिंग और उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगरीय निकायों एवं पंचायतों को निर्देश दिए कि कहीं पर भी अनावश्यक पानी जमा न होने दें। इसके साथ ही फॉगिंग, लार्वा दमन एवं स्वच्छता अभियान को तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं, ताकि लोग रोकथाम के उपाय समय रहते अपनाएं। उन्होंने सभी विभागों को नियमित रिपोर्टिंग, संयुक्त निरीक्षण और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने वेक्टर जनित रोगों पर अधिक प्रभावी नियंत्रण तथा आमजन को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. क्षमा बर्वे से पीपीटी के माध्यम से वेक्टर जनित रोगों, रोकथाम के उपाय और और अन्य विभागों से अपेक्षा के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त वंदना राजपूत, रविन्द्र परमार, डिप्टी कलेक्टर जमील खान तथा स्वास्थ्य, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, शिक्षा, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिया तले अंधेरा: एसआईआर में जिला मुख्यालय तीसरे नंबर पर !

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के नेतृत्व में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस प्रक्रिया के तहत बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और उन्हें बीएलओ ऐप पर अपलोड कर डिजिटलीकरण कर रहे हैं।

हालांकि इस महत्वपूर्ण कार्य में जिला मुख्यालय की सीहोर विधानसभा का प्रदर्शन जिले की अन्य विधानसभाओं की तुलना में पिछड़ता नजर आ रहा है। जबकि जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी जिला मुख्यालय पर ही मौजूद हैं, सीहोर विधानसभा के मामले में जिले में तीसरे स्थान पर है। एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण में जिले की चारों विधानसभाओं ने सराहनीय कार्य किया है, लेकिन बुधनी विधानसभा के बीएलओ ने विशेष रूप से अभूतपूर्व कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन :** बुधनी विधानसभा में बीएलओ जीवन सिंह मेवाड़ा ने 04 नवंबर से 17 नवंबर की अवधि में ही 98.11 प्रतिशत डिजिटलीकरण का कार्य पूर्ण कर एक मिसाल कायम की है। उनके साथ नयादास बैरागी ने 80.88 प्रतिशत और प्रेम सिंह ने 78.08 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने जीवन सिंह मेवाड़ा सहित सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ की तेजी और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये बीएलओ न केवल अपनी जिम्मेदारियों को समय से पहले पूरा कर रहे हैं, बल्कि जिले के अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी बन रहे हैं। उन्होंने टीमवर्क और तकनीक के समन्वय को सफलता का आधार बताया, जिससे जिले का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले पूरा किया जा सकेगा।

### अन्य विधानसभाओं में शीर्ष प्रदर्शन

आष्टा: गिरिश कुमार विश्वकर्मा 97.94, गजराज सिंह 94.61 प्रतिशत।

इछावर: जगन्नाथ सिंह 81.18 प्रतिशत।

सीहोर: ओमप्रकाश कुशवाहा 79.70 प्रतिशत।

## प्रिंस विकास राठौर ने जिला चिकित्सालय में घायल पीड़ित पिता-पुत्र से की मुलाकात



**सीहोर।** विगत दिवस जिला चिकित्सालय सीहोर में दलित प्रवेश परिहार तथा उनके पिता हरिसिंह परिहार के साथ एवं पुलिस कर्मचारी के साथ प्राणघातक हमले से घायलों से मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य के सम्बंध में जानकारी ली एवं अपनी संवेदनायें व्यक्त की तथा डॉक्टरों को पीड़ित परिवार का उचित ईलाज कराने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने कहा कि इस प्रकार शहर में की जा रही गुण्डागिर्दी को बर्दाश्त नही किया जावेगा। मैं दलित पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ा हुं, दलित पीड़ित मेरे परिवार जैसे ही हैं। इस अवसर पर दलित जाटव समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

## पिता-पुत्र पर प्राणघातक हमले को लेकर जाटव समाज ने दिया धरना

### 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी की मांग, हमलावरों पर बढ़ी धारा 307



**सीहोर।** पीड़ित परिवार के सदस्य नारायण सिंह परिहार ने बताया कि सीहोर जिला चिकित्सालय में डॉ.अम्बेडकर नगर वार्ड क्रं. 11, सीहोर निवासी प्रवेश परिहार तथा पिता हरिसिंह परिहार पिता पुत्र पर उच्च जाति के मुख्य अरोपी भानु राठौर, नवीन राठौर, दीपक परमार द्वारा विगत दिवस पुलिस तथा डॉक्टरों के समक्ष प्राणघातक हमला कर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। एवं पुलिस कर्मचारी व अस्पताल कर्मचारियों के साथ चिकित्सालय के सामान को तोडफ़ोड़ की गई थी, जिसे लेकर सिटी कोतवाली द्वारा एससीएसटी एक्ट व शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कराये जाने को लेकर प्रकरण में आक्रोषित दलित जाटव समाज ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्दर पहुंचकर मुख्य अरोपी भानू राठौर को तत्काल गिरफ्तार कर धारा 307 बड़ाये जाने की मांग को लेकर एसपी के नाम ज्ञापन एडिशनल एसपी सुनीता रावत को सौंपा गया तथा मांग की गई कि यदि 24 घण्टे के अन्दर मुख्य अरोपी भानू राठौर को गिफ्तार नही किया गया तथा सिटी कोतवाली सीहोर द्वारा धारा 307 नही बड़ाई गई तो जाटव समाज द्वारा उग्र आन्दोलन किया जावेगा। जिसकी सारी जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

एडिशनल एसपी सुनीत रावत द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में धारा 307 बड़ाये जाने के निर्देश दिये तथा शीघ्र ही मुख्य अरोपी भानू राठौर को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। उपस्थित सर्व जाटव समाज द्वारा पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया साथ ही ज्ञापन सीहोर के विधायक सुदेश राय को भी सौंपा गया।

## कॉलोनीनाइजर ने की धोखाधड़ी, नहीं लगाए शिव विहार में ट्रांसफार्मर व बिजली के खंभे

**सीहोर।** कॉलोनीनाइजरों द्वारा प्लाट बेचते समय खरीदार नागरिकों से किए जाने वाले वादे खौखले हीं साबित हो रहे है। खेतों में प्लाट काटकर सुविधाजनक नाली पानी बिजली सड़क के नाम पर लाखों रूपये वसूलकर कॉलोनीनाईजरों ने नागरिकों को भगवान भरोसे ही छोड़ दिया है ऐसा ही मामला सायलो केंद्र के सामने गल्ला मण्डी रोड पर स्थित शिवविहार कॉलोनी से निकल कर सामने आया है। मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे कॉलोनीनाईजर कमलेश राठौर के द्वारा की गई धोखाधड़ी के शिकार हुए नागरिकों ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि शिवविहार कॉलोनी बनाने वाले मंजू राठौर पति कमलेश राठौर एवं छाया राठौर ने प्लाट बेचते समय कालोनी में पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने सड़क बनाने और पीने के पानी की समुचित व्यवस्था देने की बात कहीं थी लेकिन अबतक कालोनी में बिजली के लिए ट्रांसफर्मर और बिजली के खंभे नहीं लगाए है। कालोनी में लगभग 43 प्लाट काटकर बेच दिए गए है और 20 मकान बन चुके है। कॉलोनी में बिजली के लिये डी.पी. और पोल नही लगे है इस कारण जिन प्लाट वालों ने प्लाट खरीदकर मकान बना लिये है वे सभी लोग टेम्परेरी कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग कर रहे है। इस कारण सभी नागरिको को हजारों रूपये का बिजली बिल प्रतिमाह अदा करना पड रहा है। जबकी कॉलोनीनाईजर कमलेश राठौर ने प्रत्येक प्लाट खरीदर से बिजली के पोल और डी.पी. लगवाने के नाम पर 15 हजार रुपए ले लिए हैं।




### जनगणना के लिए वन विभाग ने जगह-जगह लगवाए हैं ट्रैप कैमरे

# सीहोर में बाघों की गणना शुरू, पहले दिन ही कैमरे में दिखी बाघिन और उसके शावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

डॉ. विष्णु वाकणकर रातापानी टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया है, जिसमें सीहोर जिले के वन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। गणना के पहले ही दिन भोपाल, सीहोर और औबेदुल्लागंज तीनों स्थानों पर बाघिन और उसके शावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस महत्वपूर्ण गणना के लिए वन विभाग द्वारा ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं। रातापानी सहित भोपाल, सीहोर और रायसेन की कुल 172 बीटों में अब तक 344 कैमरे लगाए जा चुके हैं। इसमें अकेले सीहोर में 55 कैमरे लगाए गए हैं, जबकि रातापानी में 85, औबेदुल्लागंज में 75 और भोपाल में 33 कैमरे शामिल हैं। अगले कुछ दिनों में यह संख्या बढक़र 400 तक पहुंच जाएगी।

आधुनिक तकनीक के कारण डेटा सीधे डब्ल्यूआईआई (वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया) तक पहुंचेगा और गणना के नतीजे पहले की तुलना में जल्दी मिल सकेंगे।

**वैज्ञानिक तरीके से बाघ गणना :** बता दें देशभर में हर चार वर्ष के बाद होने वाली इस वैज्ञानिक गणना में पहले उन क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाते हैं, जहां बाघों का मूवमेंट दर्ज होता है। कैमरों से मिले फोटो की धारियों का मिलान कर बाघों की पहचान तय होती है। इसके बाद पेड़ों पर खरोंच, लोटने के निशान, मल, पगमार्क और यूरिन मार्किंग जैसे फील्ड एविडेंस की मदद से अंतिम संख्या निर्धारित की जाती है।

### पहली बार हो रहा है विशेष एप का उपयोग

इस गणना की सबसे खास बात यह है कि पहली बार एक विशेष एम स्ट्राइप इकोलॉजिकल एप का उपयोग किया जा रहा है। यह एप बाघों के फिजिकल वैरिफिकेशन में मदद कर रहा है।

- बीटगार्ड नेचर ट्रेल और ट्रांजिट लाइन पर तीन-तीन दिन पैदल चलकर मौके पर मिलेंगे।
- बाघों के मल, खरोंच, पगमार्क और शिकार के अवशेष को एप में फीड किया जाएगा।
- इसके साथ ही जीपीएस लोकेशन और फोटो भी रियल-टाइम में अपलोड होंगे।

**खबर संक्षेप**

## निर्माण कार्यों को निगम द्वारा हटाने के बाद किया आयुक्त ने निरीक्षण



**देवास।** एमजी रोड चौड़ीकरण मे बाधित निर्माण कार्यो को नगर निगम द्वारा हटाए जाने के पश्चात बुधवार को आयुक्त दलीप कुमार ने तहसील चौराहा से जनता बैंक चौराहे तक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा बाधित निर्माणों के व्यसाईयों, भवन मालिकों द्वारा शेष रहे निर्माण कार्यो को हटाए जाने के पश्चात मार्ग के दोनो तरफ के प्रत्येक भवनों, दुकानों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन कर तकनीकी अमले से जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा दुकानों, व्यवसाई व भवन मालिकों को समझाईश दी गई कि वे निगम द्वारा निर्धारित 15 मीटर के मान से ही हटाकर अपने भवनों में निर्माण करें। आयुक्त ने निर्माण हटाए जाने के पश्चात निकले मलबे को शीघ्र हटाने के निर्देश प्र. कार्यपालन यंत्री सौरभ त्रिपाठी, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया को दिए। मार्ग क्षेत्र मे विद्युत आपूर्ति की बहाली हेतु निगम द्वारा एबी केबल चालु की जा चुकी है। क्षेत्र के लोग म.प्र. विद्युत मंडल से सम्पर्क कर विद्युत संयोजन चालु करवा सकते है।निरीक्षण मे आयुक्त द्वारा बडे प्रतिष्ठानों के हटाए गए निर्माणों के निरीक्षण मे मौके पर प्रतिष्ठान मालिकों से कहा कि वे अपने प्रतिष्ठानों के शटर भी हटाए गए निर्माण के हिसाब से ही लगाए तथा नालियों पर किसी भी प्रकार का निर्माण ओटले आदि नही बनाए।नगर निगम द्वारा बाधित निर्माणों के मलबे हटाने की कार्यवाही सतत रूपे से जारी है। मलबा उठाने में 4 जेसीबी, 2 पौकलेण्ड, 4 डम्पर एवं 6 ट्रालियां सतत रूप से कार्य कर रही है। निरीक्षण के दौरान निगम उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी, जीवन रावत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### नल जल योजना बनी दिखावा, जनता कई किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर

# सरकार के जलशक्ति मंत्रालय ने वर्ष 2019 में ग्रामीण इलाकों में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए शुरू की थी योजना





### कागज़ों में पूर्ण हो चुकी योजना में नलों में नहीं पहुंच रहा पानी जहां पहुंच रहा वो पीने योग्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

तहसील बागली में जलजीवन मिशन चलाई योजना बेपटरी नजर आ रही है। सरकारी रिपोर्ट में पूर्ण हो चुकी जल जीवन मिशन योजना हकीकत में ठप हो चुकी है।ग्रामीण अब भी शुद्ध पानी के लिए तरस रहे हैं। भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय ने वर्ष 2019 में ग्रामीण इलाकों में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से जलजीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना शुरू की थी लेकिन बागली तहसील की ग्राम पंचायत सेवनिया खुर्द में इस योजना की हकीकत सरकारी दावों से बिल्कुल अलग दिखाई देती है। अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार कई गांवों में नल जल योजना पूरी हो चुकी बताई गई है, लेकिन ग्रामीणों को अब तक नियमित पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। नलों में पानी न आने से लोगों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। कुछ गांवों में तो योजना का उद्घाटन तक हो चुका है, मगर नल आज भी सूखे पड़े हैं। पानी की कमी के कारण ग्रामीणों को कुएं, बोरवेल और टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। कई महिलाओं को रोजाना कई किलोमीटरों दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। इन सब बातों का उदहारण पीएचई विभाग कार्यालय बागली से मात्र दो किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत सेवन्याखुर्द में देखा जा सकता है। यहां पर जल जीवन मीशन अंतर्गत जल जीवन योजना के लिए 2023 में भूमि पूजन किया गया था। तब ठेकेदार ने 6 माह में काम पूरा कर पानी देने की बात कही थी लेकिन आज तक इस योजना का लाभ रहवासियों को नहीं मिल रहा है। ठेकेदार व्दारा घटिया तरीके से काम किया गया है।

#### नलों में आ रहा गंदा पानी



जब हमारी टीम ने गांव में वास्तविक स्थिति जानी तो पता चला कि गन्दे पानी की नाली में ही पेयजल के पाईप डाल दीए गए हैं, जिसके कारण गन्दा पानी उक्त नलों में आता है। जो किसी काम का नहीं है। लगभग पोने दो करोड़ की योजना का संचालन सिर्फ कागजों पर ही अच्छा लग रहा है। ठेकेदार कि मनमानी एवं पीएचई विभाग के संरक्षण के चलते उक्त योजना सेवन्याखुर्द में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। सोना बाई ने बताया कि शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझ रहे हैं। ग्राम पंचायत सेवन्याखुर्द अंतर्गत कैलाश नगर, मालीपुरा,कुपगांव , राजगढ़ गांव आते हैं। सेवन्याखुर्द,कुपगांव, मालीपुरा के लिए लगभग दो करोड़ की लागत से नल जल योजना का काम किया गया है। 2023 में काम प्रारंभ हुआ था, लेकिन तीन वर्षों बाद भी उक्त योजना ज़मीनी स्तर पर साकार नहीं हो पाई है।

#### कई जगह नलों से अब तक नहीं पहुंचा पानी हर घर जल बना सपना

सेवनिया खुर्द पंचायत अंतर्गत राजगढ़ के लिए अलग से 50 लाख कि लागत से जल जीवन मिशन अंतर्गत योजना स्वीकृत हुई। राजगढ़ में 300 परिवार रहते हैं लेकिन दो वर्षों बाद भी योजना का काम पूरा नही हो पाया है। शीला बाई ने बताया कि रहवासियों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। घर के आंगन में नल कनेक्शन तो दिखाई देता है लेकिन अभी तक पानी नहीं आया है। ठेकेदार व्दारा जहां नल कनेक्शन लगा दिया है वहा टोंटियां भी नहीं लगाई गई है। सरकार की ओर से टैंकरों के माध्यम से कुछ स्थानों पर पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है और जिन किसानों के कुओं में पर्याप्त जलस्त्रोत है, उनका पानी अधिग्रहित करने का प्रावधान भी किया गया है। फिर भी कई गांवों में 'हर घर जल' योजना एक सपना ही बनी हुई है। शासन स्तर पर इस योजना को सख्ती से लागू करने का दावा किया गया था, लेकिन बागली तहसील की हकीकत लचर व्यवस्था को उजागर करती है।

#### अनियमितताओं के चलते कई प्रकल्प अधूरे

जानकारी अनुसार, कॉन्ट्रैक्टरों और अधिकारियों के बीच ढीले समन्वय और आर्थिक अनियमितताओं की चर्चाओं के चलते कई प्रकल्प अधूरे रह गए हैं। ग्रामीणों में आक्रोश ग्रामीणों के मन में योजना के प्रति अविश्वास और आक्रोश पैदा हो गया है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब जल मंत्रालय ही जनता की मूलभूत जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा, तो क्या यह योजना केवल दिखावे के लिए शुरू की गई थी?

#### ठेकेदारों पर मेहरबान पीएचई के जिम्मेदार

जलजीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर शुद्ध नल का पानी उपलब्ध कराना था। इसके लिए केंद्र सरकार ने करोड़ों रुपये का फंड जारी किया था। राज्य के हर जिले और तहसील में इस निधि से नल जल योजनाएं लागू की जानी थीं, ताकि ग्रामीण इलाकों में पेयजल की कमी दूर की जा सके, लेकिन बागली तहसील में कई स्थानों पर फंड खर्च हो जाने के बावजूद काम अधूरा है, और नागरिक अब भी प्यासे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपूर्ण कामों की जांच कर खर्च हुए फंड की वसूली जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों से करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो बागली तहसील हर घर जल योजना के बावजूद प्यासा ही रह जाएगा। शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार ठेकेदार पर पीएचई विभाग के अधिकारी क्यों मेहरबान है,यह सोचने वाली बात है। पीएचई विभाग का ठेकेदारों पर कोई नियंत्रण नहीं है। हर बार संबंधित अधिकारी उचित कार्रवाई कि बात कहते हैं लेकिन आजकल उचित कार्रवाई देखने को नहीं मिली है।

#### शिकायत की, लेकिन नहीं दिया ध्यान

मेरे व्दारा जिम्मेदार संबंधित अधिकारियों को ठेकेदार की मनमानी को लेकर शिकायत की गई लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। उक्त योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। पीएचई विभाग व ठेकेदार जिम्मेदार हैं।

**रामप्रसाद जाटव,** सरपंच प्रतिनिधि सेवन्याखुर्द

#### मामले को दिखवाता हूं

जल जीवन मीशन योजना अंतर्गत पंचायतों में गुणवत्ता के साथ काम कराने की जिम्मेदारी पीएचई विभाग की है। जब तक काम गुणवत्ता के साथ पूरा नही होगा, पंचायत उक्त योजना को हेंडवर्क नहीं करेगी। जहां पर हेंडवर्क कर ली गई है, वहां अधूरे काम पूरे करवाएं जा रहें हैं। इस मामले को भी में दिखवाता हूं।

**राजू मेढा सीईओ,** जनपद पंचायत बागली

## जिला पंजीयक कार्यालय में तकनीकी समस्या के चलते नहीं हो पा रही रजिस्ट्रियां, हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला पंजीयक कार्यालय में सोमवार से संपति की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। वजह इंटरनेट की समस्या और संपदा सॉफ्टवेयर के राउटर में खराबी बताई जा रही है। जिस कारण रजिस्ट्री करवाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अधिकारियों ने पहले बुधवार दोपहर तक व्यवस्थाएं सुचारु करने की जानकारी दी थी, लेकिन दोपहर बाद तक भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिन लोगों के स्लॉट पहले से बुक थे, वे दो दिनों से रजिस्ट्री होने का इंतजार कर रहे हैं। कई ग्रामीण भी अपने गांवों से रजिस्ट्री के लिए बुधवार को देवास पहुंचे थे। जानकारी अनुसार कई लोग रजिस्ट्री करवाने के लिए परेशान हो रहे हैं। वरिष्ठ जिला पंजीयक देवास, दीपक कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि कल दोपहर में इंटरनेट कनेक्शन के माध्यम से चलने वाले संपदा सॉफ्टवेयर का राउटर खराब हो गया था। इसी पर ई-पंजीयन का कार्य होता है। इंजीनियर इसे ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि मंगलवार को 90 स्लॉट बुक थे, जिनमें से कुछ का ही पंजीयन हो पाया, बाकी नहीं हो सके। करीब 150 से अधिक लोग इस समस्या से प्रभावित हुए हैं। शर्मा ने लोगों से अपील की है कि जब तक इंटरनेट कनेक्शन ठीक न हो जाए, तब तक स्लॉट बुक न करें। उन्होंने शीघ्र ही व्यवस्थाएं सुचारु करने का आश्वासन दिया।




## जिले में एसआईआर कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर बीएलओ को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इस दौरान 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह द्वारा जिले में एसआईआर कार्य में गणना पत्रक का डिजिटाईजेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया गया।

गणना पत्रक डिजिटाईजेशन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 170-सोनकच्छ के मतदान केन्द्र कमांक 11-नांदला के बीएलओ विजय सिंह बैस द्वारा 95.59 प्रतिशत एवं मतदान केन्द्र 87-गिरलाखेडी के बीएलओ रामभरोसे गुर्जर द्वारा 93.62 प्रतिशत, मतदान केन्द्र 93-रणायरकलां पर नियुक्त बीएलओ महेन्द्र सिंह परमार द्वारा 99.85 प्रतिशत, मतदान केन्द्र 161-सादुखेडी के बीएलओ चंदरसिंह कुशवाह द्वारा 100 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 172-हाटपीपल्या के मतदान केन्द्र क्रमांक 20- छायन के बीएलओ भेरूसिंह मालवीय द्वारा 92.75 प्रतिशत, मतदान केन्द्र कमांक 23-होशियारखेडी के बीएलओ नाजिया खानम द्वारा 93.72 प्रतिशत कार्य करने के फलस्वरूप जिला स्तर पर कलेक्टर सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। देवास जिले में अभी तक 2 करीब लाख 50 हजार 365 गणना पत्रकों का संकलन एवं डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।



### इनोवेटिव स्कूल और यूथ वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया आज़ाद का जन्मदिवस

## प्रतिभा सम्मान व कॅरियर मार्गदर्शन समारोह किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मौलाना अबुल कलाम आजाद जन्मदिवस समिति के संयोजक सैयद मकसूद अली ने बताया कि विगत 18 वर्षों से संस्था इनोवेटिव पब्लिक. हा से. स्कूल और देवास यूथ वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जन्मदिवस ( राष्ट्रीय शिक्षा दिवस ) को एक दिवसीय शिक्षा सम्मेलन के रूप में मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान एवं करियर मार्गदर्शन समारोह आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रवीण कुमार एयर वाईस मार्शल (सेवा. नि ), मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह सिकरवार पुलिस महानिरीक्षक म. प्र. पुलिस (सेवा. नि )थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईपीएस आयशा फातिमा तेलंगाना कैडर ने की। विशेष अतिथि के रूप में प्रो. हलीम खान (पूर्व अध्यक्ष म. प्र मदरसा बोर्ड ), राजेश खत्री अध्यक्ष अशासकीय स्कूल संघ उपस्थित रहे।सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत शब्बीर अहमद, मिर्जा मुशाहिद बैग, सय्यद मक़सूद अली, प्रेम नाथ तिवारी,जमील शेख करीम बिल्डिंग, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, हाजी शकील शेख डॉ. इजहार अली आदि ने किया । इस अवसर पर हाल ही में पीएससी 2023 में चयनित डिप्टी कलेक्टर पंकज परमार, पीएससी 2024 में वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर चयनित मंतशा खान एवं पीएससी 2022 में सहायक संचालक शिक्षा के पद पर सलोनी जैन को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण और मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जीवन पर प्रकाश प्रो. हलीम खान ने डाला। अतिथि उद्बोधन में मुख्य वक्ता प्रवीण कुमार एयर वाईस मार्शल ने विद्यार्थियों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट के साथ साथ कैसे जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जाए इस हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमुख परीक्षा जैसे एसएसबी, डिफेन्स फोर्स, एयरफोर्स एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी पर प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि बच्चों सदैव बड़ा सपना देखो और उसको प्राप्त करने के लिए कदम आगे बढ़ाते रहो, उन्होंने मंच पर उपस्थित नवीन चयनित अधिकारियों से कहा कि आप कभी भी अपने पद का घमंड मत करना। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही देवास की पहली महिला आईपीएस वर्तमान में तेलंगाना कैडर में पदस्थ आयशा फातिमा ने कहा कि शिक्षा ही वो चाबी है जो आपके हर सपने को पूरा कर सकती है। उन्होंने कठिन परिश्रम करने के लिए सबको प्रेरित किया और कहा कि बच्चों की कामयाबी में हमेशा उनके माता पिता का प्रमुख योगदान होता है, अतः उनका सदैव सम्मान करे। इस कार्यक्रम में खेल, शिक्षा एवं समाजसेवा के साथ नीट और जेईई प्रतियोगी परीक्षा में चयनित छात्र छात्रा, कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90% से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं एवं अन्य क्षेत्र में योगदान देने वाले शख्सियतों को सम्मानित किया गया।

जिसमे शिक्षा, खेल एवं समाजसेवा के क्षेत्र में मोहन वर्मा,आशीष गुप्ता, विमल वाजपेयी, रिज़वान कोसर, जुल्फेज़ अली जाफरी (उज्जैन ), अतहर आलम अंसारी (उज्जैन ) शेख मसरुद्दीन (सुन्दरसी ) शेख मुकीम ( सकराई ) अब्दुल वाहिद मंसूरी ( बागली ), रेहा शेख (बैडमिंटन ) , गुलज़ेबा मंसूरी ( कुश्ती ) परवेज़ पठान (म. प्र पुलिस) को सम्मानित किया गया। आई.आई.एस आर कॉलेज में बतौर पी.एच. डी स्कॉलर चयनित होने पर सानिया खान ,साथ ही नीट 2025 की पी. जी एवं यू. जी की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर मेडिकल कालेज में प्रवेश हासिल करने वालों में अक़्सा खान (देवास) सानिया सय्यद (इंदौर), जैन खान (देवास ), अब्दुल्लाह खान (आगर) सोहैल खान (आगर) सानिया मुल्तानी (आगर), अलिज़ा कुरैशी (देवास ) सेजान शेख (देवास ) एवं आई. आई. टी 2025 में चयनित आकांशा सिंह (देवास ) अर्श शेख (देवास) को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन सदाकत अली ने किया एवं आभार सैयद मकसूद अली ने माना ।




### भाजपा प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े आज देवास में

**देवास।** भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री एवं सांसद लता वानखेड़े 20 नवंबर को देवास पधारेंगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव ने जानकारी देते हुए बताया कि समस्त अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। यह बैठक संगठन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## वार्ड क्रमांक पांच में सीसी रोड का काम शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में वार्ड 5 में स्थित रोड का भूमि पूजन कर नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा पार्षद सचिन यादव द्वारा बड़े हनुमान चौक से स्कूल ग्राउंड तक सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। यह रोड बनने से जहां स्कूली बच्चों में खुशी की लहर है तो वहीवार्ड के नागरिकों ने भी खुशी जाहिर की है। बताया जा रहा है कि यह रोड अभी तक बनी नहीं थी यहां से निकलने में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। बारिश में होने वाले कीचड़ से अब बचा जा सकेगा। रोड बनने से वार्ड के लोगों को कीचड़ से काफी हद तक निजात मिलेगी।

# अवैध अतिक्रमण को स्वयं हटा लें भवन स्वामी, वरना होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर को साफ-सुन्दर-स्वच्छ, गड्ढा मुक्त, लाइटिंग व्यवस्था सहित शहर में अन्य विकास कार्य कराये जाने लिए चलाये जा रहे निरीक्षण अभियान के अंतिम दिन नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड नं. 17 मोहल्ला सिविल लाइन का वार्ड पार्षद कुन्दन पाल, नगर पालिका की टीम सहित जल निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने वार्डवासियों से उनकी समस्याओं को सुना। वार्ड में कई जगह वार्ड की गलियों में पालिका की नालियों पर अवैध अतिक्रमण पाया गया,



**नपाध्यक्ष ने सिविल लाइन में निरीक्षण कर दी चेतावनी**

जिससे नालियां चौक होने से उनकी साफ-सफाई व्यवस्था नहीं की जा रही थी। निर्देशित किया गया कि समस्त नालियों पर हुए अतिक्रमण हो वह स्वयं ही हटा लें, अन्यथा की स्थिति में अतिक्रमण को हटाते हुए सामग्री जब्त कर ली जाएगी। वार्ड में अनेक स्थानों पर गंदगी पाई गई, जिस पर प्रभारी सफाई निरीक्षक एवं स्वास्थ्य नायक को वार्ड में व्याप्त गंदगी को हटाये जाने के निर्देश दिये। वार्ड में अनेक गलियां ऐसी है जो जल निगम द्वारा द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन के चलते क्षतिग्रस्त हो गई है, उन सभी सड़कों की मरम्मत कराये जाने हेतु जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। वार्ड में स्थित क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे जल निगम द्वारा कई सड़के क्षतिग्रस्त किये जाने पर अध्यक्ष द्वारा जल निगम के अधिकारियों से समय से कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। पार्षद कुन्दन पाल के आवास पर वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष सोनाली जैन का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### मड़ावरा पुलिस ने पांच वारंटी धर दबोचे

**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम व गैर जमानती अपराधियों व वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान थाना मड़ावरा पुलिस ने पांच वारण्टियों में ग्राम सतवांसा निवासी उर्स खां पुत्र जुम्मन, अजमेरी पुत्र उर्स खां, सुलेमान पुत्र उर्स खां, आसीन पुत्र जुम्मन को गाली-गलौज कर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देने और ग्राम सौंरई निवासी जालम पुत्र भैयालाल को मु.अ.सं.167/24 धारा 323, 353, 323, 504 में हिरासत में लिया गया है। वारण्टियों को पकडने वाली पुलिस टीम में उ.नि. दिनेश त्रिपाठी, उ.नि. अरूण कुमार, उ.नि.सोनू कुमार, उ.नि.संतकिशोर, हे.का. शैलेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

### बागन्नी मजरा के दो पक्षों में हुई मारपीट

**ललितपुर**। तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम खांदी के मजरा बागन्नी निवासी राजेश कुशवाहा पुत्र खेतसिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते मंगलवार को शाम करीब 7.30 बजे वह अपने घर जा रहे थे। वह गांव के चिप्पे कुशवाहा के घर के सामने पहुंचे ही थे कि तभी चिप्पे पुत्र भगुवा, शिब्बे पुत्र भगुवा, राजू पुत्र चिप्पे, अशोक पुत्र सिब्बे कुशवाहा ने उक्त लोगों को देखकर मनमुटाव के चलते गालियां देना शुरू कर दिया। जब उसने गालियां देने से मना किया तो उक्त लोगों ने उस पर, उसकी पत्नी राजाबेटी, भाभी उर्मिला पत्नी कमलेश को लाठी व लात-घूसों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोगों ने आकर उन्हें बचाया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुये मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से राजकुमारी पत्नी अशोक ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर थी। तभी राजेश पुत्र खेत सिंह, राजाबेटी पत्नी राजेश, कमलेश पुत्र खेतसिंह, उर्मिला पत्नी कमलेश ने उसके परिजनों को गालियां दीं और मना करने पर मारपीट कर दी, जिससे उसके ससुर को गंभीर चोटें आयीं हैं। शोरगुल सुनकर परिवार के भगवानदास, खिलन, सेमपाल व मोहल्ले के अन्य लोगों ने आकर उन्हें बचाया। पीड़ित ने बताया कि मौके से डायल 112 को फोन किया। पुलिस को आता देख उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से भी तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दहेज में पांच लाख मांगे महिला को निकाला

**ललितपुर**। थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम दिगवार में रहने वाली रोशनी अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि करीब ढ़ाई वर्ष पहले उसकी शादी थाना पाली के ग्राम ग्राम घटवार निवासी सोनू अहिरवार पुत्र रामदीन के साथ हुयी थी। परन्तु शादी के बाद उसके पति सोनू, ससुर रामदीन पुत्र नथू अहिरवार, गुल्ली पुत्र नथू, सास सुनीता पत्नी रामदीन, नन्द वर्षा पत्नी भज्जू, नन्दोई भज्जू एकराय होकर आये दिन दहेज में पांच लाख रुपये नकद, गोदरेज अलमारी आदि सामान अतिरिक्त दहेज में मांग रहे हैं। जबकि उसके पिता ने शादी में दो मोटर साइकिलें, दो लाख रुपये नकद दिये थे। आरोप है कि उक्त लोग दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे हैं और खाना भी नहीं देते और कई बार उसे घर से भगा दिया। जब वह अपने पिता के पास गयी तो उक्त लोगों ने समझाया, लेकिन ससुराली नहीं माने। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मेडिकल कॉलेज में विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस जागरूकता उत्सव मनाया

# एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस को रोकने दवाओं का उचित उपयोग करना होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के बढ़ते खतरे के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना था। प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार शुक्ला ने बताया कि एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस एक ऐसी स्थिति है जहां जीवाणु, वायरस, फंगी और अन्य रोगाणु एंटीमाइक्रोबियल दवाओं के प्रभाव का प्रतिरोध करने लगते हैं।

इससे इन दवाओं की प्रभावशीलता कम हो जाती है और रोगों का इलाज मुश्किल हो जाता है। जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किया गया। डा मधुरेंद्र सिंह राजपूत विभागाध्यक्ष माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के कारणों और इसके प्रभावों पर चर्चा की।

उन्होंने एंटीमाइक्रोबियल दवाओं के उचित उपयोग के महत्व पर जोर दिया तथा समझाया और लोगों को जागरूक किया कि वे इन दवाओं का उपयोग केवल डॉक्टर की सलाह पर ही करें अनावश्यक रूप से न करें।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने की एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के कारणों व प्रभावों पर चर्चा

डा देशानिधि सिंह सह आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने बताया कि एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट है। एंटीमाइक्रोबियल दवाओं का अधिक उपयोग और दुरुपयोग इसके मुख्य कारण हैं। एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस को रोकने के लिए हमें प्रभावी एवं कारगर दवाओं का उचित उपयोग करना होगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को जागरूक करने के लिए कई सुझाव दिए। डा योगेंद्र सिंह सहायक आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने बताया कि विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के खतरे के बारे में जागरूक किया गया और इसके प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित किया गया। हमें प्रभावी दवाओं का उचित उपयोग करना होगा ताकि हम इस वैश्विक स्वास्थ्य संकट को रोक सकें। डा पूजा गुप्ता सहायक आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने कार्यक्रम का सफल संयोजन किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए सभी का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रधानाचार्य ने डा मधुरेंद सिंह राजपूत विभागाध्यक्ष माइक्रोबायोलॉजी विभाग एवं उनकी पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसार पर प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार शुक्ला, डा मधुरेंद सिंह राजपूत, डा देशनिधि सिंह, डा अभिजात कुलश्रेष्ठ, डा रजनी रतमेले, डा योगेंद्र सिंह, डा पूजा गुप्ता,डॉ अमीरुल हसन आमिर डॉ अंकित ,सीनियर जूनियर रेजिडेंट चिकित्सक तथा कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## सक्रिय है जय अंबे रक्तदान समिति

# गंभीर गर्भवती मरीज को शुभम ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मेडिकल कॉलेज मे गर्भवती आकांक्षा यादव ग्राम परौंदा को प्रसब पीड़ा होने पर परिजनों ने भर्ती कराया डॉक्टरों ने जांच उपरांत परिजनों से तत्काल ब्लड की व्यवस्था करने को कहा और ब्लड ना मिलने पर डिलीवरी होना असंभव बताया गर्भवती महिला मरीज के पति सहित परिजन ब्लड बैंक पहुंचे महिला मरीज के के जरूर वाला ब्लड ग्रुप ब्लड बैंक मे उपलब्ध नही था सभी परिजनों ने अपने ब्लड ग्रुप की जांच कराई मगर किसी का ब्लड ग्रुप महिला मरीज के ग्रुप से मैच नही होने पर सभी परिजन चिंतित हो गए और किसी ने मरीज के परिजनों को बताया कि आप जय अंबे रक्तदान समिति से संपर्क करें आपकी मदद जरूर होगी महिला मरीज के पति विक्रम सिंह यादव ने समिति के सदस्यों से संपर्क कर अपनी व्यथा सुनाई जिस पर समिति के सदस्यों ने समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर को सूचना दी समिति के सदस्यों ने रात्रि मे तत्काल रक्तदाता शुभम यादव को सूचना दी जिस पर रक्तदाता शिवम यादव तथा समिति के सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचकर गर्भवती आकांक्षा यादव को रक्तदान किया जिसके पश्चात गर्भवती महिला मरीज आकांक्षा यादव ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया।

आपातकालीन स्थिति मे गंभीर बीमारी से ग्रसित वीरन यादव ग्राम धौर्रा को रात्रि मे रक्त की आवश्यकता पड़ने पर समिति ने बहुमूल्य रक्त उपलब्ध कराया दोनों जरूरतमंदों के परिजनों ने जय अंबे रक्तदान समिति का धन्यवाद आभार व्यक्त किया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैया लाल रजक बलराम राज विक्रम सिंह यादव ग्राम परौंदा मोहित सिरोठिया गोपाल यादव महेंद्र यादव धौर्रा रमाकांत शिवम परौंदा चंद्रपाल दिनेश यादव सत्येंद्र यादव आदि रहे।

## योजना का लाभ लेने 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक होंगे पंजीकरण

# नेवर पेड व लांग अनपेड उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों में छूट दी जाएगी, बिजली बिल राहत योजना से मिलेगा फायदा : डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि सरकार विद्युत उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के लिए बिजली बिल राहत योजना का शुभारंभ करने जा रही है, जिसके अंतर्गत नेवर पेड व लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों में छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत समस्त विद्युत वितरण निगमों में दिनांक 1 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक अधिकतम 2 किलोवाट भार के घरेलू उपभोक्ताओं तथा 01 किलोवाट भार के वाणिज्यक नेवर पेड एवं लॉन्ग अपनेड



उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिलों में तथा विद्युत चौरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतु का प्रावधान है, जिसके लिए पूर्व में आबद्ध कलेक्शन एजेन्सियों को प्रोत्साहन की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ नेवर पेड एवं लॉन्ग अपनेड उपभोक्ताओं से भुगतान प्राप्त करने पर दिया जाएगा। बिजली बिल राहत योजना 2025-26 में पात्र उपभोक्ता योजना का लाभ लेने हेतु तीन चरणों में पंजीकरण करा सकते हैं। योजना में पंजीकरण हेतु प्रथम चरण 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक, द्वितीय चरण 01 जरवरी से 31 जनवरी 2026 तक तथा तृतीय चरण 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त विद्युत वितरण निगमों को कलेक्शन एजेन्सियों, जनसेवा केन्द्रों, विद्युत सखियों, फिनटेक कम्पनियों, मीटर रीडर्स व बिलिंग एजेन्सियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिये गए हैं, साथ ही नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए हैं। साथ ही शहर से लेकर गांव तक विभिन्न प्रचार माध्यमों से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये गए हैं ताकि लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके।

## विश्व धरोहर सप्ताह का किया गया शुभारंभ

# नेहरू महाविद्यालय में सांस्कृतिक जन-जागरुकता कार्यक्रम किया, विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्व धरोहर सप्ताह पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण झांसी मंडल द्वारा नेहरू महाविद्यालय में सांस्कृतिक जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चित्रकला प्रतियोगिता, भारत के विश्व विरासत स्थलों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति आदि का आयोजन किया। प्रतियोगिता में नेमवि के समस्त विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारतीय एवं बुंदेलखंड की धरोहरों एवं स्मारकों का चित्रांकन किया एवं चित्रांकन के उपरांत छात्र-छात्राओं को छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया। मुख्य अतिथि डीएम सत्य प्रकाश, विशिष्ट अतिथि डा.रमेश किलेदार, प्रबंधक प्रदीप चौबे, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री उपस्थित रहे। संचालन अधीक्षण पुरातत्वविद डा.प्रवीण सिंह ने किया।

### शिकायत करने पर धमका रहे दबंग

**ललितपुर**। दबंगों के खिलाफ घर में घुसकर रुपये मांगने, गालियां देते हुये हमलावर होने की शिकायत पुलिस से किये जाने पर अब पीड़ित परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस प्रकार का आरोप लगाते हुये शहर क्षेत्र के मोहल्ला चांदमारी में रहने वाली पूनम पत्नी स्व.सहदेवसिंह ने पुलिस को फिर से शिकायती पत्र दिया है। महिला ने बताया कि कुछ दिनों पहले उसने मोहल्ला घुसयाना जेल चौराहा के पास रहने वाले नवनीत, दीपेश उर्फ छोटू, अरविन्द, ज्योति पत्नी अरविन्द के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था। इसके बाद नामजद लोग उसके घर में घुसकर रुपये मांगते हैं और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता ने जानमाल का खतरा बताते हुये उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग उठायी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नाबालिग को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर**। तालबेहट अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव के मजरा निवासी 19 वर्षीय बृजेश पुत्र घनश्याम कुशवाहा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। आरोप है कि उसकी पुत्री को भगाने में बृजेश के परिजनों में संजू व सुजान पुत्रगण घनश्याम कुशवाहा, जीजा जयपाल कुशवाहा पुत्र जशरथ, मित्र रामसिंह कुशवाहा का सहयोग है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## विद्यालय में योगासनों की लाभदायक जानकारी दी

# बालक व बालिकाओं को योगाभ्यास कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




आयुष मंत्री डॉ० दयाशंकर मिश्र (दयालु ) एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार, विशेष सचिव आयुष हरिकेश चौरसिया, मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश आयुष सोसाइटी सुश्री निशा जी तथा एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा धिकारी डॉक्टर राम शबद यादव ,क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अर्जुन लाल अहिरवार के मार्गदर्शन में संचालित योग वेलनेस सेंटर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के योग प्रशिक्षक रामू कांत द्वारा विद्यालय में बालक एवं बालिकाओं को योगाभ्यास कराया गया। जिसमें सूक्ष्म व्यायाम, वज्रासन मंडूकासन उत्तान मंडूकासन और ताड़ासन शशक आसन भुजंगासन सिंहासन आदि योगासनों की लाभदायक जानकारी के साथ अभ्यास कराया गया। साथ ही भस्त्रिका, कपालभाति अनुलोमविलोम, उज्जाई, भ्रामरी प्राणायाम कराया गया।

## वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर परिचर्चा आयोजित की गई

# लक्ष्मीबाई स्वराज्य के लिए अड़ी, लड़ी और नींव का पत्थर बनी : प्रो.शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि रानी झांसी स्वराज के लिए लड़ी, स्वराज के लिए अड़ी और स्वराज की नींव का पत्थर बनीं। उनके शत्रु सेनापति ह्यूरोज के मुख से निकले निजी डायरी में अंकित ये शब्द वह थीं, उन सबों में सर्वोत्कृष्ट वीर कोटि कोटि हृदयों में सदैव अंकित रहेंगे। तदयुगीन पदयात्री पूना के मराठा पं.विष्णु भट्ट शास्त्री ने आँखों देखा गदर की विश्व प्रसिद्ध पुस्तक के पृष्ठ सं.76-77 पर जो विवरण दिया है, उन्हीं के शब्दों में झांसी छोड़ते समय बाईसाहब रात के बारह बजे, रेशमी दुपट्टे से अपने बारह वर्षीय दत्तक पुत्र को पीठ से बांधते हुए, घोड़े पर बैठकर, कालपी की ओर अग्रसर हुईं, तब उनके पास मात्र एक रूपए की रेजगारी थी। बदलने के लिये, दूसरे वस्त्र भी नही थे। चौबीस घंटे बिना खाए- पिए घोड़े पर पुत्र को बांधे हुए गुजार दिए। कालपी पहुँचने पर तांत्या टोपे ने तम्बू लगाकर राजसी कपड़े सिलवा कर प्रबन्ध किया। उक्त पुस्तक के पृष्ठ सं. 79 पर कदाचित आँसुओं की स्याही लिखा विवरण



अंकित है कि रानी के न रहने पर झांसी क्षेत्र के प्रत्येक स्त्री पुरूष को यह अनुभव हो रहा था, जैसे जिन्दा होते हुए भी, वह शमशान भूमि में रखी अर्थी से बँधा हो। पर इस सच्चाई को लोग देर से महसूस करते हैं कि इस साम्राज्य को उखाड फेंकने वाले बलिदानियों का खून भी कहीं सूखता नजर नहीं आता। झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई की महिला शाखा की सेनापति वीरांगना झलकारी बाई ने जब झाँसी के पतन का दुखद समाचार सुना तो वह गहरे विषाद में डूब गई। ऐसे विषम प्रसंग के संबंध में इतिहास के कंकाल में मांस और रक्त का संचार करके उसे उपन्यास सम्राट वृन्दावनलाल वर्मा ने इतना सजीव बना दिया कि झाँसी के पतन पर कलम चलाते हुए वर्मा जी का गला इतना भर उठा कि वे रानी झाँसी के बारे में कहते हैं कि महल की चौखट पर बैठकर वह रोई। वह, जिसकी आँखों का आंसुओं से कभी परिचय भी न था। वह जिसका वक्षस्थल वज्र और हाथ फौलाद के थे, वह जो भारतीय नारीत्व का गौरव और शान थी। मानो उस दिन हिन्दुओं की दुर्गा रोई। ऐसी ही संकट की घड़ी में छाया की तरह रानी का साथ देने वाली बुन्देली आन-बान और शान की सदा हँस-मुख जीवन्त-ठसकीली प्रतिमा थी झलकारी दुलैया। वर्माजी कहते हैं, झलकारी दुलैया का सब ठाट-बाट सोलह आना बुंदेलखंडी-पैर की पैजनी से लेकर सिर की दाउनी (दामिनी) तक सबके सब आभूषण स्थानिक। इतनी निर्भीक और साहसी थी कि सर्वोच्च अंग्रेज सैन्य अधिकारी एलिस के कुदृष्टि डालने पर अपनी सहेली से आग -बबूला होकर, वह कह उठती है जो नठया मोई और देखत तौ ? ई कैं का मताई बैनें न हुइयें मोरे मन में तो आउत कै पनइयाँ उतार कैं मूछन के बरे के मों पै चटाचट दे ओं युद्ध के समय झलकारी उन्नाव गेट पर अपने पति के साथ ही तोपों से गोले दागती है। जब उसे पता चलता है कि रानी भाण्डेरी फाटक से सुरक्षित कालपी निकल गयीं, तो वह लड़ते हुए अंग्रेजों को अटकाये रहती है, क्योंकि कद -काठी और चेहरे -मोहरे से अंग्रेज झाँसे में आकर, उसे ही झाँसी की रानी समझ बैठते हैं। इस तरह के सच्चे वृत्तान्त वर्मा ने, झाँसी के उन बूढ़े, स्त्री-पुरुषों से सुने।


आरोप - प्रशासन लगातार कर रहा प्रोटोकॉल की अवहेलना

# आमंत्रण-पत्र में नहीं था नाम, जिपं अध्यक्ष ने 181 पर की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

प्रशासनिक कार्यक्रमों में राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया की लगातार अवहेलना की जा रही है। शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम जिले के विभिन्न प्रशासनिक कार्यक्रमों जैसे भूमिपूजन, शिलान्यास इत्यादि के लिए छपवाए गए आमंत्रण-पत्रों पर उनका नाम अंकित होना चाहिए लेकिन अधिकतर मामलों में ऐसा नहीं किया जा रहा है।

17 नवंबर को जनपद ब्यावरा में नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन करवाया गया था। इस संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग (आरईएस) द्वारा जो आमंत्रण पत्र छपवाए गए उनमें मत्स्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष राधा जगदीश गुर्जर के नाम तो प्रकाशित करवाए गए लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष के नाम का कोई उल्लेख नहीं किया गया। प्रशासनिक कार्यक्रमों में अपनी लगातार अनदेखी से आहत जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सौंधिया



भूमि पूजन / शुभारम्भ

!! आमंत्रण पत्र !!

मान्यवर श्रीमान/श्रीमती


मुख्य अतिथि –
मा.श्री नारायणसिंह जी पंवार
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) म.प्र.शासन भोपाल

अध्यक्षता –
मा.श्रीमति राधा जगदीश जी गुर्जर
अध्यक्ष, जनपद पंचायत ब्यावरा

के कर कमलों द्वारा भूमि पूजन / शुभारम्भ कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

दिनांक 17 नवम्बर 2025, दिन सोमवार
समय : दोपहर 1 बजे
स्थान : नवीन न्यायालय भवन परिसर के पास, मोहनीपुरा ब्यावरा

निवेदक :
कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
राजगढ़



| | |
|---|---|
| शिकायत क्रमांक : | 35390197 दिनांक - 17-11-2025 |
| विभाग का नाम : | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग |
| उप-विभाग का नाम : | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आर. ई. एस.) |
| शिकायत कर्ता का नाम : | दल्ल्ट चन्द्र सिंह |
| पता : | ग्राम पंचायत-अगरिया, ब्लॉक-ब्यावरा, जिला-राजगढ़ |
| फ़ोन नंबर : | XXXXXXX101, XXXXXXX101 |
| जिला : | राजगढ़ |
| क्षेत्र : | क्षेत्र/ब्लॉक : ब्यावरा |
| शिकायत का प्रारूप : | किये गए कार्य का भुगतान / परिश्रम व्यय प्राप्त न होने संबंधी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवाये) |
| शिकायत का विवरण : | शिकायतकर्ता चंदर सिंह सौंधिया जी द्वारा बताया गया कि जनपद के कार्यालय ब्यावरा में जो भवन के लिए भूमि पूजन के लिए आर ई एस विभाग द्वारा जो कार्ड छापे गये थे उसमे जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम नहीं लिखा गया है इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया है जबकि जनपद अध्यक्ष का नाम लिखा गया है निवेदन है जाँच कर कार्यवाही की जाए कृपया समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए । जिला राजगढ़ |
| शिकायत की स्थिति : | शिकायत निराकरण अधिकारी (एल1) से संपर्क कर शिकायत दे दी गयी है, प्रगति विवरण अपेक्षित है |

ने इस बात की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (181) पर करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## शिकायत में यह किया गया उल्लेख

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-181 पर की गई शिकायत में उल्लेख है कि आरईएस द्वारा प्रकाशित करवाए गए कार्ड में जिपं अध्यक्ष का नाम नहीं लिखा गया है जो सीधे-सीधे प्रोटोकॉल का उल्लंघन है, जबकि जनपद अध्यक्ष का नाम कार्ड में छपवाया गया है। ऐसे में पूरे मामले की जांच करवाकर समस्या का निराकरण करवाने की मांग चंदर सौंधिया ने मुख्यमंत्री से की है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व में भी हुए कुछ प्रशासनिक कार्यक्रमों में जिपं अध्यक्ष की अनदेखी सामने आ चुकी है। नवीन जिला चिकित्सालय के लोकार्पण के समय भी इसी तरह का मामला काफी सुर्खियों में रहा था।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हुआ था उलटा

उक्त मामले के ठीक उलट पिछले दिनों जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ब्यावरा में किसानों को मुआवजा राशि वितरण सहित अन्य कार्यक्रमों हेतु आए थे, उस आयोजन के लिए छपवाए गए कार्ड में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सौंधिया का नाम प्रकाशित किया था। लेकिन, बाकायदा आमंत्रित करने के बाद ब्यावरा पुलिस ने सीएम के कार्यक्रम की अवधि तक उन्हें नजर बंद कर दिया था।

### इनका कहना है...

ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है जब प्रशासनिक कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा मुझे प्राप्त अधिकारों के संबंध में निर्धारित प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जा रहा है। पीआईयू, पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों के कार्यक्रमों में भी इस तरह की लापरवाहियां देखने मिल चुकी हैं।

**चंदर सिंह सौंधिया**
अध्यक्ष, जिला पंचायत, राजगढ़

किसानों के खेत व कॉलोनियों में जाने का रास्ता हुआ बंद

# शासकीय आम रास्ते पर दबंगों ने किया कब्जा!

## अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने 2021 में दिया है यथास्थिति बनाए रखने हेतु स्थगन आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



सुठालिया रोड गवली धर्मशाला के बाजू से शासकीय आम रास्ते पर रजिस्ट्री कर प्लॉट बनाने का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि इस आम रास्ते से लगी हुई 6-7 लोगों की कृषि भूमि पर आने जाने बेलगाड़ी कृषि यंत्रों के आने जाने का रास्ता भी है, जो नाले एवं शासकीय बेबट रास्ता है। पीछे कृषि भूमि पर जाने के अलावा यहां से लगी हुई रहवासी कॉलोनी में आने जाने का यही आम एवं स्थाई रास्ता है। अब प्रश्न उठता है की नाले में शासकीय भूमि पर किसी के प्लॉट की रजिस्ट्री कैसे की जा सकती है।

### इनका कहना है

हमने पटवारी से इसकी बस्तुसिथिती की जानकारी के बारे में रिपोर्ट के बारे में कहा है। जैसे ही जानकारी आ जाएगी उसी के हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**गोविंद दुबे, एसडीएम ब्यावरा**

# मतदाता सूची के सत्यापन के लिए बीएलओ कर रहे घर-घर सर्वे

**खिलचीपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार खिलचीपुर नगर में वार्ड एक से पन्द्रह वार्डों में अलग अलग बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं और गणना प्रपत्र भरकर प्राप्ति दी जा रही है। अभियान के दौरान वार्ड नंबर 07 बीएलओ आलोक शर्मा, वार्ड प्रभारी दीपक शर्मा, एवं वार्ड नंबर 9 में बीएलओ राजेन्द्र सोनी वार्ड प्रभारी कन्हैया लाल मेवाड़े द्वारा एस आई आर सर्वे कर मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने का कार्य किया जा रहा हैं। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना है ताकि कोई भी नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। नागरिकों से परिवार के सभी योग्य सदस्यों का विवरण सत्यापित कर सहयोग करने की अपील की गई है। एस आई आर के मुताबिक मतदाता को सन 2003 की मतदाता सूची से उनके माता-पिता या दादा दादी के नाम से सत्यापन करना होगा। मतदाता का स्थान परिवर्तन होने की दशा में पूर्ववत मतदान केन्द्र क्रमांक, मतदाता सूची का सरल क्रमांक और मतदाता सूची की भाग संख्या एसआईआर के दौरान गणना पत्रक में दर्शाना होगी। उल्लेखनीय है कि इस तरह मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 22 साल पहले सन 2003 में किया गया था। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर इन दिनों बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम नवम्बर 2025 में किया जा रहा है।

# रबी सीजन में खाद की बढ़ती मांग कृषि विभाग ने संभाली स्थिति



**सारंगपुर।** क्षेत्र में रबी सीजन के चलते खाद की मांग तेजी से बढ़ गई है। किसानों द्वारा यूरिया एवं डीएपी खाद की बढ़ी हुई आवश्यकता को देखते हुए मंगलवार को कृषि विभाग की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए नगर की निजी खाद दुकानों का निरीक्षण किया। एसडीओ कृषि राजेश राजपूत के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य किसानों को समय पर और सरकारी दरों पर खाद उपलब्ध कराना था। सुबह से ही खाद वितरण शुरू होते ही नगर के विभिन्न निजी दुकानों पर किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई जगहों पर स्थिति ऐसी बनी कि दुकानों के बाहर लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान कुछ किसानों ने अधिक मूल्य पर खाद बेचे जाने की आशंका जताई, जिसके बाद कृषि विभाग तुरंत हरकत में आया।

एसडीओ राजेश राजपूत और टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकानों का निरीक्षण किया, स्टॉक की जांच की, रेट लिस्ट देखी और किसानों से सीधे बात कर जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद का विक्रय सरकारी निर्धारित दरों पर ही किया जाए तथा बिना किसी भेदभाव के किसानों को क्रमवार वितरण सुनिश्चित किया जाए। टीम ने यह भी कहा कि अगर किसी दुकान पर निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद बेची जाती है तो संबंधित दुकानदार पर कठोर कार्यवाही की जाएगी अधिकारियों की मौजूदगी के बाद वितरण व्यवस्था में सुधार दिखाई दिया और किसानों को सहज रूप से खाद मिलने लगी।

# कट्टे से गोली मारकर लूट करने वाले आरोपियों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

विगत दिवस 16 नवंबर की रात फरियादी रोहित खाती पिता हरिचरण खाती निवासी ग्राम कुरावर के साथ भोपाल रोड स्थित पंचर दुकान पर हुई लूट व गोलीकांड के आरोपी दया शंकर पंडित व उसके साथियों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से 80 हजार भी जप्त किए। बताया जा रहा है कि फरियादी से प्रॉपर्टी के काम में कमीशन मांगा गया था जिसका फरियादी द्वारा इनकार करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, कट्टे से गोली चलाई तथा फरियादी की जेब में रखे एक लाख लूटकर फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 408/25 धारा 109(1), 311, 309(4), 296(बी) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। घटना के बाद पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं सतत प्रयास से 18 नवंबर को 4 आरोपी गिरफ्तार कर लिए वहीं अभी एक आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपित दया शंकर उर्फ दया पंडित पिता सोहनलाल शर्मा, निवासी ग्राम बिरगढ़ी, हाल निवासी कुरावर, सुनील पिता गोरेलाल वर्मा निवासी पीलूखेड़ी, दीपक पिता सोहनलाल शर्मा निवासी ग्राम बिरगढ़ी, थाना कुरावर, चेतन चौहान पिता भगवान सिंह निवासी पीलूखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 02 देशी कट्टे, 01 बंदूक (315 बोर), 02 जिंदा कारतूस, स्कॉर्पियो वाहन तथा 80,000 रुपए नकद बरामद किए।

कांग्रेस ने बूथ एजेंट्स को दिया प्रशिक्षण

# मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़, भाजपा के वोट कम करने के अभियान का देंगे जवाब : पूर्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



कांग्रेस पार्टी ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर बीएलए-2 प्रशिक्षण एवं कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया।

बैठक में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अभियान को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ होती है। उन्होंने प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहते हुए घर-घर संपर्क अभियान को तेज करने की अपील की। खींची ने कहा कि यह अभियान संगठन को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस आगामी एक सप्ताह के भीतर 20 नए ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा भी करेगी। बैठक में कार्यकर्ताओं ने आगामी चरणों की कार्ययोजना तय करते हुए अभियान को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया।

## भाजपा के वोट कम करने के अभियान का जवाब देने की तैयारी : खींची

दोपहर में आशा भवन स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण शिविर में प्रियव्रत सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण भाजपा द्वारा कांग्रेस के वोट कम करने के कथित अभियान का मुकाबला करने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर अभियान का दुरुपयोग कर कांग्रेस समर्थकों के नाम हटाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके जवाब में कांग्रेस ने सभी वार्डों और ग्रामों में बूथ एजेंट तैयार कर दिए हैं।

## शहरी मतदाताओं को सबसे ज्यादा परेशानी

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष खींची ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची से नाम मिलाने में सबसे अधिक दिक्कत आ रही है। 23 साल में कई बार परिसीमन, बूथ परिवर्तन और लोगों के घर बदलने के कारण पुरानी सूची में नाम खोजना कठिन हो गया है। उन्होंने बताया कि बीएलओ को मृत, अनुपस्थित और विस्थापित मतदाताओं का डेटा एप पर अपलोड करना होता है, लेकिन वेबसाइट और एप की धीमी गति के कारण कार्य में देरी हो रही है।

पुलिस पर आरोप लगाते हुए एसपी ऑफिस पहुंचे प्रजापति समाजजन

# भोजपुर, सुठालिया व कालीपीठ टीआई को सस्पेंड करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




पिछले दिनों जिले के कालीपीठ, सुठालिया और भोजपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत प्रजापति समाज के व्यक्ति की हत्या, आत्महत्या, समाज की युवती को उसके प्रेमी के साथ विदा करने जैसे मामले सामने आए थे। इन तीनों मामलों में संबंधित थानाक्षेत्रों की पुलिस के सुस्त रवैये और लापरवाहियों का आरोप लगाते हुए समाज के अनेकों लोग मंगलवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने उक्त तीनों थानों के टीआई को सस्पेंड करने की मांग रखी है।

समाज के प्रदेशाध्यक्ष आरएस कुंभकार, जिलाध्यक्ष दिनेश प्रजापति के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में एसपी ऑफिस पहुंचे समाजजनों ने एडिशनल एसपी केएल बंजारे को सौंपे गए ज्ञापन में तीनों घटनाओं में पुलिस द्वारा बरती गई लापरवाही का उल्लेख किया। आरोप लगाया गया कि पुलिस आरोपियों को बचाने के प्रयासों में लगी है। हालांकि, बंजारे ने सभी को आश्वस्त किया कि सभी मामलों की जांच करवाई जा रही है।

## ये हुए हैं 3 मामले

सुठालिया थानाक्षेत्र के ग्राम मानकी में मई-2025 में हुई घटना में अपराधियों को बचाने के आरोप लगाए गए हैं। इसी तरह कालीपीठ थाने के लसुड़ली लोधा गांव में एक युवती को उसके माता-पिता और पति की मर्जी के खिलाफ प्रेमी के साथ विदा करने के मामले में उचित कार्यवाही की मांग समाजजनों द्वारा की गई। तीसरे मामला भोजपुर थानाक्षेत्र का है जहां चाटुखेड़ा निवासी राधेश्याम प्रजापति की कतिथ हत्या के मामले में त्वरित जांच की मांग समाजजनों द्वारा रखी गई है। तीन दिवस में उचित कार्यवाही न होने पर समाजजनों ने पुलिस के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

## जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**सारंगपुर।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया की अध्यक्षता में 1 नवंबर को प्रारंभ हुई जो 15 नवंबर तक चले। इस दौरान निबंध ,भाषण, चित्रकला, क्विज, नाटक का मंचन, व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ. दीपिका जोशी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र एवं उनके प्रकृति के लिए योगदान पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर प्रीतम गुणावा द्वारा आभार व्यक्त किया।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर बीएलओ व मावि शिक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इन दिनों में जिले में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य सर्वोच्य प्राथमिकता के साथ चल रहा है। लेकिन, कुछ बीएलओ व अन्य कर्मचारी निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में भी लापरवाहियां बरत रहे हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा के संज्ञान में यह आने पर उन्होंने खुजनेर के एक बीएलओ एवं धनवासकलां में बीएलओ के सहायक माध्यमिक शिक्षक को सस्पेंड करने की कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार खुजनेर में बीएलओ बनाए गए प्राथि शिक्षक मांगीलाल राठौर द्वारा अभी तक सिर्फ चार ही मतदाताओं से फार्म रिसीव किए गए। कलेक्टर को मालूम होने पर उन्होंने पटवारी को वस्तुस्थिति जानने मौके पर भेजा तो बीएलओ राठौर ने उन्हें भी भ्रामक जानकारी दी। इस लापरवाही पर कलेक्टर ने बीएलओ राठौर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय राजगढ़ एसडीएम कार्यालय नियत किया गया है।

## बीएलओ के सहायक मावि शिक्षक को किया सस्पेंड

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-162 के मतदान केन्द्र क्रमांक-114 धनवासकला में बीएलओ के सहायक के रूप में माध्यमिक शिक्षक कमलेश बैरागी को नियुक्त किया गया था। बैरागी बगैर अधिकारियों को बताए एवं पूर्व अनुमति के अवकाश पर चले गए। इस पर एसडीएम द्वारा निवार्चन कार्य में लापरवाही, उदासीनता एवं आदेश की अवहेलना करने के चलते उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की गई। उक्त के परिपालन में कलेक्टर ने धनवास कलां के माध्यमिक शिक्षक कमलेश बैरागी को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की है।

10 दिवसीय शिविर में दिव्यांगों को सिखाए कई रोजगार मूलक कार्य

# कौशल प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांगों से जिपं सीईओ ने खरीदे पेपर बैग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आजीविका मिशन एवं ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा जिले के दिव्यांगों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में रोजगार मूलक कार्यों संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गत 8 नवंबर से 18 नवंबर तक के बीच हुए इस प्रशिक्षण के दौरान 28 दिव्यांगजनों को पेपर बैग, फाइल, लिफाफे, फोल्डर निर्माण इत्यादि काम सिखाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर पहुंचे जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपने यहां से जो सीखा है उस कौशल का उपयोग स्वयं का रोजगार स्थापित करने में करें। गढ़पाले ने दिव्यांगजनों के प्रोत्साहन हेतु अन्य प्रेरणास्पद बातें भी साझा की। इस अवसर पर उपस्थित आजीविका मिशन के जिला परियोजना अधिकारी संदीप सोनी, जिला प्रबंधक कौशल अमित रावत ने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सरकारी योजनाओं के माध्यम से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## विभिन्न कार्यों में प्रशिक्षण हेतु प्रतिबद्ध रहेगा आरसेटी

आरसेटी निदेशक अनिमेष मालवीय ने प्रशिक्षण की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान आगे भी इसी तरह समाज के वंचित वर्ग एवं इच्छुकों हेतु विभिन्न कार्यों में कुशल बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। प्रशिक्षण में आरसेटी सदस्यों देवराज सिंह, बालमुकुंद जाटव, देवराज दांगी सहित अन्य की विशेष भूमिका रही।

पटना गांव में आयोजित की गई चौपाल, ग्रामीणों से सीधे किया

# कुरीतियों से मुक्त समाज के लिए गांव में चौपाल लगाकर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में व्याप्त बाल-विवाह, बाल-सगाई, नातरा-झगड़ा, महिला अपराधों सहित अन्य कुरीतियों के उन्मूलन हेतु प्रशासन एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा लगातार प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा मंगलवार को पटना गांव में चौपाल आयोजित कर सामाजिक कुरीतियों पर व्यापक संवाद किया गया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और किशोरी बालिकाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि गांव बदलाव की राह पर आगे बढ़ना चाहता है। चौपाल की शुरुआत इस विचार के साथ हुई कि कुरीतियां समाज के लिए नासूर हैं, इन्हें मन से मिटाना ही सुरक्षित और प्रगतिशील समाज की नींव है। अहिंसा टीम ने बताया कि वर्षों से चली आ रही कुप्रथाएं बच्चों का बचपन, उनकी शिक्षा और



उनका भविष्य छीन लेती हैं। बाल विवाह और बाल सगाई जहां कानूनी अपराध हैं, वहीं झगड़ा-नातरा जैसी परंपराएं कई बार सामाजिक तनाव, हिंसा और परिवारों के टूटने का कारण भी बनती हैं। चौपाल में जब किशोरी बालिकाओं, महिलाओं से संवाद हुआ तो उनकी बातों ने सबको गंभीर कर दिया। बालिकाओं ने एक स्वर में कहा, हम असमानता, खराब स्वास्थ्य, असुरक्षा, उपेक्षा, शिक्षा से दूरी, मानसिक दबाव, कुपोषण, बाल विवाह कतई नहीं चाहते। हम समानता, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षा, पहचान, अच्छी एवं सुलभ शिक्षा की अपेक्ष पुरुष प्रधान समाज से करते हैं।

## गांव को कुरीतियों से मुक्त बनाने का संकल्प

चौपाल के अंत में सभीजनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पटना गांव को कुरीतियों से मुक्त, सुरक्षित, शिक्षित और अधिकार समझ वाला गांव बनाया जाएगा। यह भी तय किया गया कि जागरूकता, शिक्षा और सामुहिक प्रयासों के माध्यम से बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को जड़ से खत्म किया जाएगा। इस संवाद कार्यक्रम में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम, महिला समूह, युवा साथी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।